डाक-व्यय की पूर्व-अदायगी के बिना डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत. अनुमति-पत्र क्र. भोपाल-म. प्र. बि.पू.भु.-04 भोपाल-03-05.

पंजी क्रमांक भोपाल डिवीजन म. प्र. 108-भोपाल-03-05.

# मध्यप्रदेश राजपत्र

## (असाधारण)

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 375] भोपाल, बुधवार, दिनांक 2 जुलाई 2003—आषाढ़ 11, शक 1925

भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 जून 2003

क्र. एफ.-1-42-2001-सैंतालीस.—यतः, राज्य सरकार की राय में यह आवश्यक हो गया है कि :—

(एक) पदों के कतिपय प्रवर्गों में कतिपय रिक्त स्थान अल्प समय में भरे जाएं, और

(दो) कतिपय स्थानों पर पदस्थापना को टालने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए और अतएव, विनिर्दिष्ट कालावधि के लिये विनिर्दिष्ट स्थानों पर संविदा आधार पर कर्मचारियों को नियुक्त किया जाए,

अतएव, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, मध्यप्रदेश के अधीन संविदा आधार पर, सेवाओं के कतिपय प्रवर्गों पर भर्ती से संबंधित निम्नलिखित नियम, एतद्द्वारा, बनाते हैं, अर्थात् :—

### नियम

**1. संक्षिप्त नाम, प्रयुक्ति तथा प्रारंभ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम "मध्यप्रदेश भोपाल गैस त्रासदी, राहत एवं पुनर्वास विभाग संविदा सेवा (नियुक्ति तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2003" है.

(2) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य नियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी ये नियम संविदा आधार पर नियुक्त संविदा कर्मचारियों के ऐसे प्रवर्गों को लागू होंगे, जो राज्य सरकार द्वारा, समय-समय पर, अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये जाएं.

(3) ये **"मध्यप्रदेश राजपत्र"** में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं.**—इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) **"उपाबन्ध"** से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न उपाबंध.

(ख) **"नियुक्ति प्राधिकारी"** से अभिप्रेत है, संबंधित प्रवर्ग के लिये अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी.

(ग) **"संविदा कर्मचारी"** से अभिप्रेत है, इन नियमों के अधीन संविदा आधार पर नियुक्त कर्मचारी

(घ) **"संविदा सेवा"** से अभिप्रेत है, इन नियमों में यथा उपबंधित संविदा सेवा

(ङ) **"संविदा नियुक्ति"** से अभिप्रेत है, इन नियमों के अधीन संविदा आधार पर नियुक्त व्यक्ति.

(च) **"जिला"** से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश का राजस्व जिला.

(छ) **"शासन"** से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश शासन.

(ज) **"विभागाध्यक्ष"** से अभिप्रेत है, संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास, मध्यप्रदेश, भोपाल.

(झ) **"पद"** से अभिप्रेत है, अनुसूची के कॉलम (2) में उल्लिखित पद.

(ञ) **"अनुसूची"** से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची.

(ट) **"चयन समिति"** से अभिप्रेत है, संबंधित प्रवर्ग के लिये अनुसूची में विनिर्दिष्ट समिति.

(ठ) **"राज्य"** से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश राज्य.

3. **विस्तार तथा प्रयुक्ति.**—इन नियमों का विस्तार संपूर्ण राज्य पर होगा और ये भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधीन विनिर्दिष्ट इकाइयों के लिये नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नियुक्त किये गये संविदा कर्मचारियों को लागू होंगे.

4. **संविदा राशि.**—(1) संविदा कर्मचारी की मासिक संविदा राशि, अनुसूची के कॉलम (3) में यथा-उल्लिखित के अनुसार होगी. यह राशि शासन द्वारा समय-समय पर पुनरीक्षित की जा सकेगी. संविदा कर्मचारी राज्य शासन के कर्मचारियों को लागू नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता के लिए हकदार होगा. किन्तु वह किन्हीं अन्य प्रकार के भत्तों का हकदार नहीं होगा.

(2) किसी संविदा कर्मचारी को, संविदा राशि का भुगतान उन दिनों के लिये नहीं किया जाएगा, जिनमें वह कर्तव्य पर अनुपस्थित है.

5. **चयन तथा नियुक्ति की पद्धति.**—(1) **पद.**—भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधीन विभिन्न इकाइयों में रिक्त पदों की संख्या, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित की जाएगी.

(2) **चयन एवं नियुक्ति.**—अनुसूची में विनिर्दिष्ट किए गए पदों पर समस्त नियुक्तियां, अनुसूची में विनिर्दिष्ट चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेगी :

परन्तु चयन समिति के गठन के लिये, मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) की धारा 8 के उपबन्ध लागू होंगे.

(3) **आयु.**—संविदात्मक नियुक्ति के लिये, उस वर्ष की जनवरी के प्रथम, दिन को, जिसमें नियुक्ति की जानी है, न्यूनतम और अधिकतम आयु-सीमा क्रमशः 21 वर्ष और 65 वर्ष होगी.

(4) **सेवानिवृत्त शासकीय सेवक की नियुक्ति.**—सेवा निवृत्त शासकीय सेवक भी संविदा कर्मचारी के रूप में नियुक्ति के लिए हकदार होंगे.

(5) **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता.**—अभ्यर्थी की नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता ऐसी होगी, जो अनुसूची में विनिर्दिष्ट है.

(6) **निरर्हता.**—कोई भी अभ्यर्थी संविदात्मक नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, यदि उसकी दो से अधिक संतानें हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ था.

(7) **आरक्षण.**—मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994), मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबन्ध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार तथा राज्य शासन द्वारा, समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार पद आरक्षित किए जाएंगे.

(8) **विज्ञापन.**—नियुक्ति प्राधिकारी, राज्य स्तर के कम से कम दो समाचार-पत्रों में पद विज्ञापित करेगा. विज्ञापन की एक प्रति नियुक्ति प्राधिकारी के कार्यालय के सूचना फलक पर भी प्रदर्शित की जायेगी.

(9) **चयन समिति की सिफारिश.**—चयन समिति, अनुसूची के कॉलम (5) के अनुसार अभ्यर्थी को प्रदान किए गए अंकों के आधार पर, अभ्यर्थियों का मूल्यांकन करने के पश्चात् अपनी सिफारिश करेगी.

6. **संविदा नियुक्ति की कालावधि एवं पदस्थापना.**—संविदा कर्मचारी की संविदा की कालावधि अधिकतम दो वर्ष होगी.

7. **संविदा की कालावधि के दौरान अनुशासन एवं नियंत्रण.**—(1) इन नियमों के अधीन नियुक्त कोई भी व्यक्ति, मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 द्वारा शासित होगा.

(2) प्रत्येक संविदा कर्मचारी शासन के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेगा. यदि कर्मचारी ऐसे कार्यक्रमों में भाग नहीं लेता है तो यह कदाचार माना जाएगा.

8. **कदाचार या किसी आपराधिक क्रियाकलाप में अंतर्ग्रस्त होने पर कार्यवाई.**—नियम 7 के अधीन किसी कदाचार पर या इन नियमों के अधीन नियुक्त व्यक्ति द्वारा किसी आपराधिक क्रियाकलाप में अंतर्ग्रस्त होने पर नियुक्ति प्राधिकारी, सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् संविदा नियुक्ति समाप्त कर सकेगा.

9. **नियंत्रणकर्ता अधिकारी.**—संविदा कर्मचारी, संबंधित इकाई के प्रमुख के माध्यम से संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन होगा.

10. **अन्य शर्तें.**—(1) चयनित अभ्यर्थी, नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के तत्काल पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी के साथ 50 रुपये के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर करार निष्पादित करेगा. करार के निष्पादन पर होने वाले व्यय, चयनित अभ्यर्थी द्वारा वहन किए जाएंगे. चयनित अभ्यर्थी उसकी पदस्थापना के स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से संविदा सेवा में माना जायेगा.

(2) संविदा कर्मचारी के लिये यह अनिवार्य होगा कि वह नियुक्ति आदेश जारी होने के 15 दिन के भीतर, संविदा नियुक्ति के स्थान पर अपना कार्यभार ग्रहण करे. उक्त कालावधि में कार्यभार ग्रहण न करने की दशा में, संविदा नियुक्ति, स्वतः रद्द हो जायेगी. किसी संविदा कर्मचारी द्वारा उसके कार्यभार ग्रहण करने की सूचना, संबंधित इकाई प्रमुख के माध्यम से, संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास को भेजी जाएगी.

(3) संविदा कर्मचारी का चरित्र सत्यापन, शासकीय सेवकों को लागू नियमों या अनुदेशों के आधार पर किया जाएगा. चरित्र के संबंध में किसी प्रतिकूल निष्कर्ष की दशा में, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा संविदा नियुक्ति बिना कोई कारण बताए तुरन्त रद्द कर दी जाएगी.

(4) प्रथम मास के लिए संविदा राशि प्राप्त करने से पूर्व, संविदा कर्मचारी स्वयं अपने खर्च पर, जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा किया जाने वाला चिकित्सीय परीक्षण करवाएगा. इस चिकित्सीय परीक्षण में, उपयुक्त पाये जाने पर ही संविदा नियुक्ति वैध होगी. सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को भी, यदि वे संविदा कर्मचारी के रूप में नियुक्त किए जाएं, ऐसा चिकित्सीय परीक्षण कराना आवश्यक होगा.

(5) संविदा कर्मचारी के लिए, अपनी पदस्थापना के स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने से एक मास के भीतर, संबंधित इकाई में 7 दिन का प्रशिक्षण लेना आपेक्षित होगा. ऐसा प्रशिक्षण, संबंधित इकाई प्रमुख द्वारा आयोजित किया जाएगा. संविदा कर्मचारी को ऐसे प्रशिक्षण पर भेजने के लिये संबंधित इकाई प्रमुख उत्तरदायी होगा. संविदा कर्मचारी इस प्रयोजन के लिये नियमानुसार यात्रा भत्ते के लिये हकदार होगा. तथापि सेवानिवृत्त संविदा शासकीय सेवक के लिये ऐसा प्रशिक्षण अपेक्षित नहीं होगा.

(6) संविदा कर्मचारी की नियुक्ति केवल किसी विशिष्ट इकाई के लिये होगी. किन्हीं भी परिस्थितियों में उसका स्थानांतरण नहीं किया जाएगा.

(7) संविदा कर्मचारी एक कैलेण्डर वर्ष में अधिकतम 15 (पन्द्रह) दिन के आकस्मिक अवकाश का हकदार होगा. वह एक समय में अधिकतम 3 दिनों के आकस्मिक अवकाश का उपभोग कर सकेगा/सकेगी. महिला संविदा कर्मचारी, जिसकी दो से कम जीवित संतान हों, अधिकतम 90 (नब्बे) दिनों की कालावधि के लिए प्रसूति अवकाश की हकदार होगी. उपरोक्त अवकाश स्वीकृत करने की शक्तियां संबंधित इकाई प्रमुख में निहित होंगी.

(8) यदि संविदा कर्मचारी बिना किसी विशिष्ट कारण के और बिना किसी सूचना के अपने कर्तव्य से एक माह से अधिक के लिये अनुपस्थित रहता है तो उसकी संविदा नियुक्ति, ऐसी अनुपस्थिति की तारीख से स्वतः समाप्त हुई मानी जाएगी.

(9) संविदा कर्मचारी, उसकी संविदात्मक कालावधि के लिये किन्हीं पेंशन संबंधी प्रसुविधाओं का हकदार नहीं होगा. उसे ऐसी कालावधि के लिये कोई बोनस आदि देय नहीं होगा.

(10) संविदा कर्मचारी, शासकीय सेवा में नियमितीकरण के लिए हकदार नहीं होगा.

(11) संविदा नियुक्ति, किसी भी एक पक्ष द्वारा और किसी भी समय एक माह की सूचना या एक माह की संविदा राशि का भुगतान करके समाप्त की जा सकती है.

(12) अन्य सेवा संबंधी शर्तें ऐसी होंगी, जैसी कि नियुक्ति आदेश में विनिर्दिष्ट की जाएं.

11. **निर्वचन.**—इन नियमों के किन्हीं उपबन्धों के निर्वचन के संबंध में यदि कोई प्रश्न उद्भूत होता है तो वह शासन को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा.

12. **शिथिलीकरण.**— इन नियमों में की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह किसी भी ऐसे व्यक्ति के मामले में, जिसे ये नियम लागू होते हैं, राज्यपाल की ऐसी रीति में, जो उन्हें न्यायसंगत तथा साम्यापूर्ण प्रतीत हों, कार्यवाही करने की शक्ति को सीमित या कम करती है :

परन्तु किसी मामले में ऐसी रीति में कार्यवाही नहीं की जाएगी, जो इन नियमों में उपबंधित रीति से उसके लिए कम अनुकूल हो.

## उपाबन्ध
## [नियम 10(1)]
## करार का प्रारूप

यह करार एक पक्ष के रूप में डॉ./श्री/श्रीमती/कु. .................................................................... पुत्र/पत्नी/पुत्री .................................................................... आयु .................................................................... निवासी .................................................................... (जो इसके पश्चात् कर्मचारी के रूप में निर्दिष्ट है) और द्वितीय पक्ष के रूप में मध्यप्रदेश के राज्यपाल, जो नियुक्ति प्राधिकारी (जो इसमें इसके पश्चात् नियोजक के रूप में निर्दिष्ट हैं) की मार्फत कार्य कर रहे हैं के मध्य तारीख .................... को किया गया है.

यतः, नियोजक ने मध्यप्रदेश भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग संविदा सेवा (नियुक्ति तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2003 के अधीन आदेश क्रमांक .................... दिनांक .................... द्वारा .................................................... (इकाई का नाम) के लिए संविदा .................................................... (पद का नाम) के रूप में कर्मचारी को नियुक्त किया है और कर्मचारी उक्त पद पर संविदा नियुक्ति के लिए सहमत है.

अत्र पक्षों के बीच निम्नानुसार सहमति है :—

(एक) दोनों पक्ष उक्त नियमों से आबद्ध होंगे और कर्मचारी द्वारा उक्त नियमों के किसी उपबंध का उल्लंघन कदाचार माना जाएगा.

(दो) कर्मचारी को नियुक्ति के स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से संविदा सेवा में माना जाएगा और मासिक संविदा राशि का भुगतान उस तारीख से किया जाएगा.

(तीन) इस संविदा के संबंध में किसी विवाद की दशा में, केवल भोपाल स्थित न्यायालय की अधिकारिता होगी.

(चार) संविदा कर्मचारी के लिये यह अनिवार्य होगा कि वह शासन के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग ले.

(पांच) किसी कदाचार या किसी आपराधिक कार्यकलाप में लिप्त होने की दशा में नियोजक को यह अधिकार होगा कि वह ऐसे संविदा कर्मचारी की संविदा सेवा समाप्त कर दे.

इसके साक्ष्यस्वरूप इसके पक्षों ने इस करार पर उनके हस्ताक्षर के सामने क्रमशः उल्लिखित तारीख तथा वर्ष में हस्ताक्षर किए.

| साक्षी : | | पक्ष : | |
|---|---|---|---|
| (एक) | हस्ताक्षर .................... | (एक) | हस्ताक्षर .................... |
| | नाम .................... | | नाम .................... |
| | पता .................... | | पता .................... |
| (दो) | हस्ताक्षर .................... | (दो) | हस्ताक्षर .................... |
| | नाम .................... | | नाम .................... |
| | पता .................... | | पता .................... |

## अनुसूची

नियम-5

| अनुक्रमांक (1) | संविदा सेवा में सम्मिलित पद (2) | मासिक संविदा राशि (रुपये) (3) | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव (4) | अंकों का विभाजन (100 अंकों में से) (5) | चयन समिति (6) | नियुक्ति प्राधिकारी (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **वर्ग—एक** | | | | | |
| 1 | वरिष्ठ परामर्शी* (किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय के प्रोफेसर के पद के समकक्ष). | 26,000/- | **अर्हता :**<br>भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, 1956 की प्रथम अथवा द्वितीय अनुसूची या अनुसूची तीन के भाग-2 में सम्मिलित कोई चिकित्सा अर्हता [अनुसूची-तीन के भाग-2 में सम्मिलित अर्हताएं रखने वाले व्यक्तियों को अधिनियम की धारा 13 (3) में विनिर्दिष्ट की गई शर्तें भी पूरी करनी होंगी].<br>संबंधित डिसिप्लीन/विषय में कोई स्नातकोत्तर अर्हता अर्थात् एम.डी./एम.एस. या उसके समकक्ष कोई मान्यता प्राप्त अर्हता.<br>**और/या**<br>सर्जिकल सुपर स्पेशलिटी हेतु एम.सी.एच. एवं मेडिकल सुपर स्पेशलिटी हेतु डी.एम. या उसके समकक्ष कोई मान्यता प्राप्त अर्हता. | (1) एम.बी.बी.एस. के लिये. 20 अंक<br>(2) स्नातकोत्तर के लिये 10 अंक<br>(एक) स्पेशलिटी में स्नातकोत्तर. (प्रत्येक प्रयत्न के लिये ऋणात्मक 2 अंक)<br>(दो) सुपर स्पेशलिटी में पोस्ट पी.जी. (प्रत्येक प्रयत्न के लिये ऋणात्मक 2 अंक) 10 अंक<br>(3) प्रकाशन हेतु— मेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया के मानदण्डों द्वारा अपेक्षित प्रकाशनों की न्यूनतम संख्या के अतिरिक्त प्रत्येक प्रकाशन के लिये 2 अंक/प्रकाशन आई. एन. डी. ई. एक्स., 15 अंक | 1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग. **अध्यक्ष**<br>2. संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास. **सदस्य सचिव.**<br>3. संचालक, चिकित्सा शिक्षा **सदस्य**<br>4. दो विशेषज्ञ **सदस्य**<br>(संबंधित विषय के दो विशेषज्ञ होंगे, जिनमें से एक राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों से तथा एक राज्य के बाहर के चिकित्सा महाविद्यालय से होगा.दी गई स्पेशलिटी/सुपर स्पेशलिटी में, राज्य के भीतर विशेषज्ञ की अप्राप्यता की दशा में, दोनों विशेषज्ञ राज्य के बाहर के होंगे. विशेषज्ञों की पेनल, संचालक, चिकित्सा शिक्षा द्वारा बनाई जाएगी, जिसमें से अध्यक्ष, सदस्यों का चयन करेगा. | भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ग-एक<br>1. | वरिष्ठ परामर्शी * (किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय के प्रोफेसर के पद के समकक्ष). | 26,000/- | **अनुभव :**<br>एम.डी./एम.एस. की अर्हकारी उपाधि अभिप्राप्त करने के पश्चात् संबंधित सुपरस्पेशलिटी के सुस्थापित विभाग में, 2 वर्षों के विशेषज्ञ प्रशिक्षण के साथ सुपर स्पेशलिटी के विषय में मान्यता प्राप्त संस्था में न्यूनतम 14 वर्षों का अनुभव.<br>**और/या**<br>एम.सी.एच./डी.एम. या इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त अर्हता अभिप्राप्त करने के पश्चात् सुपर स्पेशलिटी के विषय में मान्यता प्राप्त संस्था में न्यूनतम 12 वर्षों का कार्यानुभव. | एम.ई.डी.सी.यू.एस./ नेशनल जर्नल में अनुक्रमणित होना चाहिये.<br>(4) अनुभव हेतु 15 अंक<br>(उक्त पद के लिये विहित अनुभव के अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष के अनुभव हेतु 2 अंक).<br>(5) साक्षात्कार हेतु 30 अंक | 5. आरक्षित प्रवर्ग का एक प्रतिनिधि (प्रतिनिधि अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग में से होगा, जो चिकित्सा व्यवसाय/प्रशासन का हो, जो अध्यक्ष द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट होगा. — **सदस्य** | भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल. |
| 2 | परामर्शी *<br>(किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर के पद के समकक्ष). | 22,000/- | **अर्हता :**<br>भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, 1956 की प्रथम अथवा द्वितीय अनुसूची या अनुसूची तीन के भाग-2 में सम्मिलित कोई चिकित्सा अर्हता [अनुसूची-तीन के भाग-2 में सम्मिलित अर्हताएं रखने वाले व्यक्तियों को अधिनियम की धारा 13 (3) में विनिर्दिष्ट की गई शर्तें भी पूरी करनी होंगी].<br>संबंधित डिसिप्लीन/विषय में कोई स्नातकोत्तर अर्हता अर्थात् | (1) एम.बी.बी.एस. के लिये. 20 अंक<br>(2) स्नातकोत्तर के लिये 10 अंक<br>(एक) स्पेशलिटी में स्नातकोत्तर (प्रत्येक प्रयत्न के लिये ऋणात्मक 2 अंक)<br>(दो) सुपर स्पेशलिटी में पोस्ट पी.जी. 10 अंक (प्रत्येक प्रयत्न के लिये | 1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग. — **अध्यक्ष**<br>2. संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास. — **सदस्य सचिव.**<br>3. संचालक, चिकित्सा शिक्षा — **सदस्य**<br>4. दो विशेषज्ञ — **सदस्य**<br>(संबंधित विषय के दो विशेषज्ञ होंगे, जिनमें से एक राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों से तथा एक राज्य के बाहर के चिकित्सा महाविद्यालय | भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | परामर्शी* (किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर के पद के समकक्ष). | 22,000/- | एम.डी./एम.एस. या उसके समकक्ष कोई मान्यता प्राप्त अर्हता.<br>**और/या**<br>सर्जिकल सुपर स्पेशलिटी हेतु एम.सी.एच. एवं मेडिकल सुपर स्पेशलिटी हेतु डी.एम. या उसके समकक्ष कोई मान्यता प्राप्त अर्हता.<br>**अनुभव :**<br>एम.डी./एम.एस. की अर्हकारी उपाधि अभिप्राप्त करने के पश्चात् संबंधित सुपरस्पेशलिटी के सुस्थापित विभाग में, 2 वर्षों के विशेषज्ञ प्रशिक्षण के साथ सुपर स्पेशलिटी के विषयों में मान्यता प्राप्त संस्था में न्यूनतम 08 वर्षों का अनुभव.<br>**और/या**<br>एम.सी.एच./डी.एम. या इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त अर्हता अभिप्राप्त करने के पश्चात् मान्यता प्राप्त संस्था में न्यूनतम 06 वर्षों का अनुभव. | ऋणात्मक 2 अंक).<br>(3) प्रकाशन हेतु— मेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया के मानदण्डों द्वारा अपेक्षित प्रकाशनों की न्यूनतम संख्या के अतिरिक्त प्रत्येक प्रकाशन के लिये 2 अंक/प्रकाशन आई. एन.डी.ई.एक्स., एम.ई.डी.सी.यू.एस./ नेशनल जर्नल में अनुक्रमणित होना चाहिये. — 15 अंक<br>(4) अनुभव हेतु— (उक्त पद के लिये विहित अनुभव के अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष के अनुभव हेतु 2 अंक). — 15 अंक<br>(5) साक्षात्कार हेतु— — 30 अंक | से होगा.दी गई स्पेशलिटी/ सुपर स्पेशलिटी में, राज्य के भीतर विशेषज्ञ की अप्राप्यता की दशा में, दोनों विशेषज्ञ राज्य के बाहर के होंगे. विशेषज्ञों की पेनल, संचालक, चिकित्सा शिक्षा द्वारा बनाई जाएगी, जिसमें से अध्यक्ष, सदस्यों का चयन करेगा.<br>5. आरक्षित प्रवर्ग का एक प्रतिनिधि (प्रतिनिधि अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग में से होगा, जो चिकित्सा व्यवसाय/प्रशासन का हो, जो अध्यक्ष द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट होगा). — सदस्य | भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल. |
| 3 | कनिष्ठ परामर्शी* (किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय के असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद के समकक्ष). | 18,000/- | **अर्हता :**<br>भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, 1956 की प्रथम अथवा द्वितीय अनुसूची या अनुसूची तीन के भाग-2 में | (1) एम.बी.बी.एस. के लिये— — 20 अंक | 1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग. — अध्यक्ष | भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | कनिष्ठ परामर्शी*<br>(किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय के असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद के समकक्ष). | 18,000/- | सम्मिलित कोई चिकित्सा अर्हता [अनुसूची-तीन के भाग-2 में सम्मिलित अर्हताएं रखने वाले व्यक्तियों को अधिनियम, की धारा 13 (3) में विनिर्दिष्ट की गई शर्तें भी पूरी करनी होंगी].<br><br>संबंधित डिसिप्लीन/विषय में कोई स्नातकोत्तर अर्हता अर्थात् एम.डी./एम.एस. या उसके समकक्ष कोई मान्यता प्राप्त अर्हता.<br><br>**और/या**<br><br>सर्जिकल सुपर स्पेशलिटी हेतु एम.सी.एच. एवं मेडिकल सुपर स्पेशलिटी हेतु डी.एम. या उसके समकक्ष कोई मान्यता प्राप्त अर्हता.<br><br>**अनुभव :**<br>एम.डी./एम.एस. की अर्हकारी उपाधि अभिप्राप्त करने के पश्चात् संबंधित सुपरस्पेशलिटी के सुस्थापित विभाग में, 2 वर्षों के विशेषज्ञ प्रशिक्षण के साथ सुपर स्पेशलिटी के विषय में मान्यता प्राप्त संस्था में न्यूनतम 01 वर्ष का कार्यानुभव. | (2) स्नातकोत्तर के लिये 10 अंक<br>(एक) स्पेशलिटी में स्नातकोत्तर (प्रत्येक प्रयत्न के लिये ऋणात्मक 2 अंक)<br>(दो) सुपर स्पेशलिटी में पोस्ट पी.जी. (प्रत्येक प्रयत्न के लिये ऋणात्मक 2 अंक) 10 अंक<br>(3) प्रकाशन हेतु— 15 अंक<br>मेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया के मानदण्डों द्वारा अपेक्षित प्रकाशनों की न्यूनतम संख्या के अतिरिक्त प्रत्येक प्रकाशन के लिये 2 अंक/प्रकाशन आई. एन. डी. ई. एक्स., एम.ई.डी.सी.यू.एस./नेशनल जर्नल में अनुक्रमणित होना चाहिये.<br>(4) अनुभव हेतु— 15 अंक<br>(उक्त पद के लिये विहित अनुभव के अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष के अनुभव हेतु 2 अंक).<br>(5) साक्षात्कार हेतु— 30 अंक | 2. संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास. — सदस्य सचिव.<br>3. संचालक, चिकित्सा शिक्षा — सदस्य<br>4. दो विशेषज्ञ — सदस्य<br>(संबंधित विषय के दो विशेषज्ञ होंगे, जिनमें से एक राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों से तथा एक राज्य के बाहर के चिकित्सा महाविद्यालय से होगा. दी गई स्पेशलिटी/सुपर स्पेशलिटी में, राज्य के भीतर विशेषज्ञ की अप्राप्यता की दशा में, दोनों विशेषज्ञ राज्य के बाहर के होंगे. विशेषज्ञों की पेनल, संचालक, चिकित्सा शिक्षा द्वारा बनाई जाएगी, जिनमें से अध्यक्ष, सदस्यों का चयन करेगा.<br>5. आरक्षित प्रवर्ग का एक प्रतिनिधि (प्रतिनिधि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग में से होगा, जो चिकित्सा व्यवसाय/प्रशासन का हो, जो अध्यक्ष द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट होगा). — सदस्य | मध्यप्रदेश शासन, भोपाल |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | | (6) | | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **वर्ग—दो** | | | | | | | |
| 4 | चिकित्सा अधिकारी | 15,000/- | भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त एम.बी.बी.एस. की उपाधि एवं मध्यप्रदेश राज्य चिकित्सा परिषद् में पंजीयन. | क. स्नातक उपाधि (प्राप्त अंकों के अनुपात में). | 65 अंक | 1. संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास. | अध्यक्ष | संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास, भोपाल. |
| | | | | ख. स्नातकोत्तर (प्रत्येक प्रयत्न हेतु ऋणात्मक 2 अंक). | 10 अंक | 2. संचालक/उनका नाम-निर्देशिती, जो संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, लोक स्वास्थ्य विभाग की पदश्रेणी से निम्न पदश्रेणी का न हो. | सदस्य | |
| | | | | ग. एन. सी. सी. का "सी" प्रमाण-पत्र अथवा एन.एस.एस. का प्रमाण-पत्र. | 05 अंक | 3. राज्य से विषय विशेषज्ञ, जो अध्यक्ष द्वारा नाम-निर्देशित किया जाएगा. | सदस्य | |
| | | | | घ. पुरूष खिलाड़ी/ महिला खिलाड़ी जिसनें विश्वविद्यालय या राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व किया हो. | 05 अंक | 4. आरक्षित वर्गों से एक सदस्य, जो अध्यक्ष द्वारा नाम-निर्देशित किया जाएगा. | सदस्य | |
| | | | | ङ किसी चिकित्सा संस्था में चिकित्सक के रूप में अनुभव (अधिकतम पांच अंकों के अध्यधीन रहते हुए प्रत्येक वर्ष के लिये एक अंक). | 05 अंक | 5. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गैस राहत. | सदस्य सचिव. | |
| | | | | च. साक्षात्कार | 10 अंक | | | |
| | **वर्ग—तीन** | | | | | | | |
| 5 | मैट्रन* | 7,000/- | नर्सिंग सिस्टर के रूप में केन्द्र/राज्य से मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में पांच वर्ष का कार्यानुभव. | क. आवश्यक अर्हता (प्राप्त अंकों के अनुपात में). | 65 अंक | 1. संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास. | अध्यक्ष | संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास, भोपाल. |
| | | | | ख. पद से संबंधित क्षेत्र में अतिरिक्त अर्हता. | 10 अंक | 2. संचालक अथवा उनका नाम-निर्देशिती, जो कि संयुक्त संचालक, चिकित्सा सेवा की पदश्रेणी से नीचे का न हो. | सदस्य | |
| 6 | सहायक मैट्रन* | 7,000/- | नर्सिंग सिस्टर के रूप में केन्द्र/राज्य से मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में पांच वर्ष का कार्यानुभव. | ग. एन. सी. सी. का "सी" प्रमाण-पत्र अथवा एन.एस.एस. का प्रमाण-पत्र. | 05 अंक | | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | | (6) | | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | नर्सिंग सिस्टर | 6,300/- | स्टॉफ नर्स के बतौर किसी केन्द्र/ राज्य से मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में पांच वर्ष का कार्यानुभव. | घ. विश्वविद्यालय अथवा राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाला पुरुष खिलाड़ी/ महिला खिलाड़ी. | 05 अंक | 3. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गैस राहत. | सदस्य सचिव. | संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास, भोपाल. |
| 8 | स्टॉफ नर्स | 5,600/- | बी. एस.सी., नर्सिंग या जनरल नर्सिंग और नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन. | | | 4. आरक्षित वर्गों से एक सदस्य, जो अध्यक्ष द्वारा नाम-निर्देशित किया जाएगा. | सदस्य | |
| 9 | बॉयोकेमिस्ट | 6,300/- | एम.एस.सी., (बॉयोकेमिस्ट्री या मेडिकल (बॉयोकेमिस्ट्री) या मान्यता प्राप्त संस्था से डी.एम.एल.टी. सहित केमिस्ट्री में उपाधि. | ङ. उस पद का अनुभव जिसके लिये आवेदक पर विचार किया जाना है, (अधिकतम पांच अंकों के अध्यधीन रहते हुए, प्रत्येक वर्ष के लिये एक अंक). | 05 अंक | 5. संचालक, चिकित्सा शिक्षा/ उनका नाम-निर्देशिती, जो कि संयुक्त संचालक, चिकित्सा सेवा की पदश्रेणी से नीचे का न हो. | सदस्य | |
| 10 | लेब टेक्नीशियन | 5,600/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित 12वीं उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से डी.एम.एल.टी. | च. साक्षात्कार | 10 अंक | | | |
| 11 | लेबोरेटरी सहायक | 4,300/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित 12वीं उत्तीर्ण. | | | | | |
| 12 | फार्मासिस्ट ग्रेड-II | 4,300/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित 12वीं उत्तीर्ण एवं फार्मेसी में डिप्लोमा एवं फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन. | | | | | |
| 13 | ड्रेसर ग्रेड-II | 3,850/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित 12वीं उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से 3 माह का ड्रेसिंग का प्रशिक्षण. | | | | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | वरिष्ठ रेडियोग्राफर* | 5,600/- | रेडियोग्राफर के बतौर किसी केन्द्र/राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में पांच वर्ष का कार्यानुभव. | | | |
| 15 | रेडियोग्राफर | 4,900/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित 12वीं उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से 6 माह का रेडियोग्राफी में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम. | | | |
| 16 | डार्करूम सहायक | 4,300/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित 12वीं उत्तीर्ण. | | | |
| 17 | मेडिकल सोशल वर्कर | 6,300/- | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी सहित समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि. | | | |
| 18 | पल्मोनरी फीजियोथेरेपिस्ट* | 7,700/- | पल्मोनरी फीजियोथेरेपिस्ट टेक्नीशियन के बतौर किसी केन्द्र/राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में पांच वर्ष का कार्यानुभव. | | | |
| 19 | ऑप्टोमेट्रिस्ट | 5,600/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित बी. एस.सी., प्रथम वर्ष उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से ऑप्टोमीटरी एवं रिफ्रेक्शन में डिप्लोमा. | | | |
| 20 | ऑपथल्मिक असिस्टेन्ट | 4,300/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित बी. एस.सी., प्रथम वर्ष उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से ऑप्टोमीटरी एवं रिफ्रेक्शन में 2 वर्ष का प्रशिक्षण. | | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | ओ.टी. टेक्नीशियन | 5,600/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित 12वीं उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से डी. एम.एल.टी. एवं एक वर्ष का किसी केन्द्र/राज्य के मान्यताप्राप्त चिकित्सालय में मेजर ओ.टी. में कार्यानुभव. | | | |
| 22 | ई.सी.जी. टेक्नीशियन | 4,900/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित 12वीं उत्तीर्ण एवं एक वर्ष का किसी केन्द्र/राज्य के मान्यता-प्राप्त चिकित्सालय में ई.सी.जी. टेक्नीशियन का कार्यानुभव. | | | |
| 23 | तकनीकी सहायक | 4,300/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित 12वीं उत्तीर्ण एवं केन्द्र/राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में इमेजिंग/आंई.सी.यू./न्यूरोलॉजी/सायकट्री/नेफ्रोलॉजी/गेस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी (सर्जिकल)/गेस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी (मेडिकल)/विभागों में/सी.एस.एस.डी. में सुपर स्पेशलिटी उपकरणों को चलाने का एक वर्ष का अनुभव. | | | |
| 24 | ओ.टी. सहायक | 4,300/- | फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी सहित 12वीं उत्तीर्ण एवं केन्द्र/राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में मेजर ओ.टी. में एक वर्ष का कार्यानुभव. | | | |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

**समीर कुमार खरे**, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 25 जून 2003

क्र. एफ-1-42-2001-सैंतालीस.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना, दिनांक 25 जून 2003 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

**समीर कुमार खरे**, उपसचिव.

Bhopal, the 25th June 2003

No. F. 1-42-2001-XLVII.—WHEREAS, in the opinion of the State Government, it has become necessary that :—

(i) certain vacancies in cetain categories of posts to filled up within a short time; and

(ii) the tendency of avoiding posting at certain places be curbed and, therefore, employees be appointed on contract basis at specified places for a specifed period;

Now, THEREFORE, in exercise of powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution of India, the Governor of Madhya Pradesh hereby makes the following rules, relating to recruitment to certain categories of services on contract basis under Department of Bhopal Gas Tragedy Relief & Rehabilitation, Madhya Pradesh, namely :—

RULES

1. **Short title, Application and commencement.**—(1) These rules may be called "The Madhya Pradesh Bhopal, Gas Tragedy, Relief & Rehabilitation Department Contract Service (Appointment and Conditions of Service) Rules, 2003".

(2) Notwithstanding anything contained in any other rule for time being in force, these rules shall apply to such categories of contract employees appointed on contract basis, as may be specified in the Schedule, from time to time, by the state Government.

(3) They shall come into force with effect from the date of publication in the "Madhya Pradesh Gazette".

2. **Definitions**.—In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) **"Annexure"** means Annexure appended to these rules.

(b) **"Appointing Authority"** means the authority specified in the Schedule for the concerned category.

(c) **"Contract Employee"** means the Employee appointed on contract basis under these rules.

(d) **"Contract Service"** means contract service provided under these rules.

(e) **"Contract Appointment"** means the person appointed on contract basis under these rules.

(f) **"District"** means revenue district of Madhya Pradesh.

(g) **"Government"** means Government of Madhya Pradesh.

(h) **"Head of the Department"** means Director, Gas Relief & Rehabilitation, Madhya Pradesh, Bhopal.

(i) **"Post"** means post mentioned in the column (2) of the Schedule.

(j) **"Schedule"** means Schedule appended to these rules.

(k) **"Selection Committee"** means Committee specified in the Schedule for the concerned category.

